हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025



### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से मिली खेल नगरी को बड़ी सौगात, महीनेभर में शुरू होगा काम

# साढ़े 9 करोड़ की लागत से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने खर्च होंगे 6 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेलनगरी के नाम से प्रख्यात राजनांदगांव को बड़ी सौगात मिली है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से राजनांदगांव में खेल की दिशा में लगभग साढ़े पंद्रह करोड़ रुपए खर्च होने जा रहे हैं। इनमें 9 करोड़ की लागत से नवागांव में सिंथेटिक ट्रैक, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने के लिए लगभग छह करोड़ और उसी परिसर में लॉन टेनिस कोर्ट के सुधार के लिए पचास लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इन सभी काम के लिए बजट को लेकर प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ बदलने की मांग पिछले पांच से छह सालों से लगातार की जा रही थी। टर्फ की दयनीय स्थिति के चलते यहां होने वाली अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता पर भी असर देखने को मिल रहा था। देशभर से आने वाले नामी खिलाड़ी टर्फ की खराब स्थिति को देखकर खेलने से बचते नजर आ रहे थे, लेकिन अब टर्फ बदले जाने के बाद प्रतियोगिता की भी रौनक बढ़ जाएगी। वहीं सिंथेटिक ट्रैक की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी।




## खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात



राजनांदगांव के जनप्रतिनिधि के रूप में इस महत्वपूर्ण स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह स्वीकृति हमारे युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने, उनके कौशल को निखारने तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु मजबूत मंच प्रदान करने में सहायक होगी। राजनांदगांव सदैव प्रतिभाओं की भूमि रही है, यह नई स्वीकृति हमारे खिलाड़ियों के सपनों को पंख देने वाली है। उन्होंने राजनांदगांव की जनता को विश्वास दिलाता हुए कहा कि मैं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रत्येक आवश्यक कार्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।

- **डॉ. रमन सिंह**, विस अध्यक्ष

## सुविधाओं का होगा विस्तार



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास से संस्कारधानी को मिली इस सौगात का सीधा फायदा शहर के खिलाड़ी एवं खेल से जुड़े लोगों को होगा। एस्ट्रोटर्फ बदलने से हॉकी खिलाड़ियों को बेहतर मैदान खेलने के लिए मिलेगा। वहीं सिंथेटिक ट्रैक बनने के बाद एथलेटिक से जुड़े लोगों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इस सौगात के लिए सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता हुं।

- **मधुसूदन यादव**, महापौर

## नई टर्फ में होगी अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ करीबन 12 साल पहले वर्ष 2013 में लगाया गया था। बताया गया कि टर्फ की अनुमानित लाइफ 8 से 10 साल की होती है। ऐसे में पिछले पांच से छह सालों से टर्फ बदलने की मांग हो रही थी। ऐसे में अब टर्फ बदलने से मैदान की रौनक भी बढ़ जाएगी। वहीं हर साल यहां होने वाली अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता भी इस बार नए टर्फ में आयोजित की जाएगी। बताया गया कि आगामी साल के फरवरी महीने में 10 से 16 तारीख के बीच यह प्रतियोगिता खेली जाएगी। जिसको लेकर समिति द्वारा तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है।

## महीनेभर पहले बैठक, अब सौगात

ज्ञात हो स्थानीय विधायक व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पिछले महीने 17 तारीख को सभी खेल संघ की बैठक ली थी। इस बैठक में प्रमुख रूप से हॉकी संघ द्वारा एस्ट्रोटर्फ बदलने की मांग सामने आई थी। जिसको गंभीरता से लेते डॉ. सिंह ने प्रयास किया और अब महीनेभर के भीतर ही हॉकी खिलाड़ी एवं उससे जुड़े लोगों को बड़ी सौगात मिल गई है। एस्ट्रोटर्फ बदलने का काम 6.05 लाख रुपए से किया जाएगा, काम आगामी एक पखवाड़े में शुरू भी हो जाएगा।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल, डेढ़ वर्ष से सीटी स्कैन मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है, इसके बावजूद जिला अस्पताल में स्वीकृत पद से आधे चिकित्सा ही कार्यरत हैं। जिसकी वजह से अस्पताल में उपचार की कमी दिखाई देती है। वहीं संसाधन के मामले में भी जिला अस्पताल पिछड़ा हुआ है। यहां लगभग डेढ़ वर्ष से सीटी स्कैन मशीन खराब स्थिति में पड़ी हुई है। यहां आने वाले मरीजों को सीटी स्कैन के लिए रेफर किया जाता है। एक्स-रे मशीन का हाल भी बेहाल है। आए दिन मशीन बंद पड़ी रहती है, जिसे अब बदलने की जरूरत है।

आज के दौर में स्वास्थ्य सुविधा काफी आवश्यक है। इसके बावजूद स्वास्थ्य सुविधा बदहाल नजर आती है। मरीज को सुविधा प्रदान करने के लिए शासन द्वारा शा स की य अस्पतालों में पद भी स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन चिकित्सकों की कमी के चलते लोगों को उपचार नहीं मिल पाता है। जिला अस्पताल में भी चिकित्सकों की कमी है। खासकर विषय विशेषज्ञ चिकित्सक स्वीकृत पद से आधे हैं। यहां पर ऑर्थो, सर्जरी, गायनिक जैसे आवश्यक चिकित्सक के दो-दो पद होने के बाद भी एक-एक चिकित्सक ही पदस्थ हैं।




## भेजी जानकारी

जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। शासन स्तर पर स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई है। दो दिन पहले ही सभी जानकारी भेज दी गई है।

- यूएस चंद्रवंशी
सिविल सर्जन

## बांडेड डॉक्टर भी नहीं देते हैं ज्वाईनिंग

शासकीय अस्पतालों में हर साल 2 वर्ष के बॉड पर मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ डॉक्टर संचालनालय से दिया जाता है। जिसमें से अधिकतर डॉक्टर ज्वाईनिंग नहीं देते हैं। वहीं जो ज्वाईनिंग देते हैं, वह भी कुछ माह में नदारत हो जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के शासकीय अस्पतालों के लिए बांडेड 29 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, लेकिन इसमें से 19 चिकित्सकों ने ही अपनी उपस्थिति दी है और 10 अनुपस्थित हैं। इसके अलावा बांडेड एमडी डॉक्टर 7 हैं। जिसमें से वर्तमान में कोई भी उपस्थित नहीं है।

## विषय के 10 चिकित्सक कम

जिला अस्पताल में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के 21 पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां पर महज 10 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। चिकित्सकों की कमी की वजह से जिला अस्पताल में आने वाले मरीज को यहां पर काफी इंतजार भी करना पड़ता है। कभी डॉक्टर छुट्टी में होते हैं तो फिर दूसरा विषय विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने के चलते मरीजों को वापस लौटना पड़ता है।

## मेडिकल ऑफिसर की भी कमी

जिला अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए भी सप्ताह के एक दिन काफी भीड़ रहती है। यहां पर मेडिकल अफसरों की कमी के चलते मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए काफी वक्त लग जाता है। जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के लगभग 16 पद हैं, लेकिन इसमें 12 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। जिला अस्पताल में सिर्फ डॉक्टर ही नहीं, बल्कि नर्सिंग स्टाफ की भी कमी है। यहां पर 81 नर्सिंग स्टाफ के पद है, लेकिन लगभग 70 नर्सिंग स्टाफ ही कार्यरत हैं। जिसके चलते भी वार्डों में भर्ती मरीजों को समस्या होती है। वहीं यहां पर कई बांडेड डॉक्टर भी नदारत है।

## सुविधा में कमी

जिला अस्पताल में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ के अलावा अन्य चिकित्सा सुविधा में भी कमी है। यहां पर लगभग डेढ़ वर्ष पहले भारी बारिश से अस्पताल के भीतर बाढ़ की स्थिति बनने से सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई थी, जिसे अब तक सुधारा नहीं जा सका है। बताया जा रहा है कि यह मशीन अब सुधरने लायक स्थिति में भी नहीं है। जिसकी वजह से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन नहीं होता है। यहां आने वाले मरीजों को सीटी स्कैन के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल या अन्य जगहों में भेजा जा रहा है। वहीं यहां पर डिजिटल एक्स-रे मशीन भी लगभग खराब की स्थिति में है, जो आए दिन बंद होते रहती है। इस मशीन को भी अब बदलने की आवश्यकता है।

## आज राजपूत महासभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय राजपूत महासभा के जिला अध्यक्ष स्व. अजय सिंह परिहार एवं समाज की सक्रिय सदस्य वंदना भदोरिया के आकस्मिक और असामयिक निधन पर राजपूत समाज द्वारा कल 13 दिसंबर को संध्या 4 बजे महाराणा प्रताप भवन चंद्रा कॉलोनी जीई रोड में शोक सभा के लिए बैठक रखी गई है। अखिल भारतीय राजपूत महासभा के महासचिव जयनारायण सिंह ने स्वजातीय बंधुओं एवं पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थिति की अपील की।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### खबर संक्षेप

## विवाद व गाली-गलौज युवक पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** विवाद कर गाली-गलौज करने एवं शांति भंग होने की आशंका पर पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 12 दिसंबर को शंकरपुर गौरा चौक के पास नशे में आने-जाने वाले लोगों को अकारण गाली-गलौज व वाद-विवाद कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर आरोपी रवि यादव 24 साल साकिन शंकरपुर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

# पिकअप में भरकर मवेशियों की तस्करी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंस कर भरकर तीन मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि छुरिया की ओर से पिकअप वाहन में मवेशियों को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करते कत्लखाना नागपुर की ओर ले जा रहा है।

इस सूचना पर छुरिया मोड के पास नाकाबंदी किया। नाकाबंदी के दौरान छुरिया की ओर से एक पिकअप वाहन आते दिखी, जिसे रोककर चेक किया। उक्त पिकअप के अंदर देखे तो भैंस ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ था। चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी, तब चालक को भैंस ले जाने के संबंध में पूछताछ किया, जो कोई वैध कागजात का नहीं होना लिखित में दिया एवं मवेशियों को नागपुर महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाना बताया।



## 3 मवेशी व पिकअप जब्त

पुलिस ने गवाहों के समक्ष पिकअप वाहन में भरे 3 नग भैंस एवं पिकअप वाहन को जब्त किया एवं आरोपी चालक योगेन्द्र उर्फ सोनू साहू 20 साल डोगीतराई जिला बालोद एवं अन्य आरोपी विजय बंते 32 साल निवासी चिरखनी तिरोडा जिला गोंदिया महाराष्ट्र एवं दीनू उर्फ जीवनलाल साहू 59 वर्ष निवासी ग्राम बिरेतरा वार्ड नं. 6 जिला धमतरी के विरूद्ध धारा-11 कु. निवा.अधि., 4, 6, 10 कृषक पशु परी. अधि., छ.ग. पशु परि.अधि. 192 क(1) का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# तीनों जिलों में उठाव तेज, खरीदी भी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों में धान का उठाव शुरू हो गया है। वहीं तीनों जिलों में धान की खरीदी भी बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक राजनांदगांव जिले में 19 लाख क्विंटल धान की खरीदी एवं 90 हजार क्विंटल का उठाव कर लिया गया है। केसीजी जिले में 11.53 लाख क्विंटल धान की खरीदी एवं 5 हजार क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। एमएमसी जिले में 5 लाख क्विंटल धान की खरीदी एवं 6 हजार क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। ज्ञात हो राजनांदगांव जिले में खरीदी लिमिट में इजाफा कर दिया गया है।

राजनांदगांव, कवर्धा जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| राजनांदगांव | 10 पद | योग्यता |
| अंबागढ़ चौकी | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| खैरागढ़ | 5 पद | वेतन |
| कवर्धा | 5 पद | 15000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो राजनांदगांव,अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़, कवर्धा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : दुर्गा चौक, राजनांदगांव, मो. 9425240405, 7489534456
ब्यूरो कार्यालय : एकता चौक, कवर्धा मो. 9893605300, 8889139071
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)


### अंतिम मुहूर्त पर ढ़ेरों शादियां, फरवरी से बजेगी शहनाइयां

# 15 दिसंबर को अस्त होगा शुक्र, फिर डेढ़ माह का ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साल का अंतिम महीना दिसंबर में अब दो-तीन दिन ही शुभ वैवाहिक मुहूर्त शेष है। इसके बाद फरवरी माह तक के लिए वैवाहिक आयोजनों में विराम लग जाएगा। मुहूर्तो को देखते हुए शेष बचे मुहूर्त में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि देवउठनी एकादशी के बाद से शुभ मुहूर्तो की शुरूआत हो चुकी है। खासकर नवंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तो का क्रम बना रहा। इस दौरान लोगों में व्यस्तता और बारात पार्टी का वातावरण निर्मित रहा। नवंबर माह के समापन पश्चात अंग्रेजी वर्ष का अंतिम महीना दिसंबर में गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त रहे।



## बड़ी संख्या में होंगे आयोजन

पंचाग एवं पंडितों के अनुसार दिसंबर माह में 1, 4, 5, 6 व 10 तारीख का अति उत्तम मुहूर्त रहा। अब 6 व 10 व आसपास के तिथि को वैवाहिक मुहूर्त शेष बचे हैं। ऐसे में इन दिनों बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना है। इसके बाद मांगलिक शहनाईयों की गूंज और बरात पार्टी के वातावरण में विराम लग जाएगा।

## शुक्र अस्त, खरमास से मुहूर्त नहीं

पंडितों के मुताबिक दिसंबर में दो प्रमुख खगोलीय कारणों से शुक्र अस्त और खरमास लगेगा। 15 दिसंबर को शुक्र अस्त होगा। जिसके कारण इसे मानने वाले वैवाहिक आयोजन नहीं करते। शुक्र 1 फरवरी को उदित होगा। वहीं 16 दिसंबर को खरमास प्रारंभ होगा। जिसका समापन नववर्ष जनवरी में 13 तारीख को होगा। इस दौरान मांगलिक कार्यों को वर्जित माना गया है।

## चार फरवरी से दोबारा शुरू होंगे शुभ मुहूर्त

पंचाग एवं पंड़ितों के मुताबिक फरवरी माह के प्रथम सप्ताह 4 तारीख से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे। फिलहाल दिसंबर माह में गिनकर वैवाहिक मुहूर्त है। फरवरी माह में होने वाले वैवाहिक आयोजनों के लिए लोगों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। सार्वजनिक भवन, होटल, हलवाई, डेकोरेशन, शादी कार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूर्व से ही तैयारियां की जा रही है। फरवरी माह में भी वैवाहिक आयोजनों की धूम रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### सम्मेलन में शामिल होने दिया न्योता



**चिचोला।** झिथराटोला में आगामी 20 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन रखा गया है। आयोजन को लेकर महाराजपुर में गृह संपर्क का भारत माता के चित्र का वितरण घर-घर वितरण किया गया। लोगों को हिंदू सम्मेलन में शामिल होने आमंत्रित किया गया। इस दौरान अभय वाजपेयी, रविंद्र वैष्णव, क्षमा तिवारी, सौरभ सोमानी, रमेश तिवारी, राकेश साहू, परदेसी साहू, खिलावन साहू, शकीला कंवर, बुधाबाई, दुर्गा कंवर, बिसोबाई, रूपकुमार, योगेश्वरी, तिलेश्वरी आदि मौजूद थे।

### मुड़पार में भागवत कथा आज से



**मुरमुंदा।** आदर्श प्रगति मंडल श्री गणेश उत्सव समिति गौठान चौक एवं ग्रामवासी छोटे मुड़पार के तत्वावधान में कल 13 से 21 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। भगवताचार्य मुकुन्द कृष्ण महाराज ग्राम राका कथा का वाचन करेंगे। आयोजकों ने अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी धनुष राम कंवर ने दी।

### डयूस बाल क्रिकेट स्पर्धा 23 से

**अंबागढ़ चौकी।** अन्तराज्यीय डयूस बाल क्रिकेट स्पर्धा की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता में छग, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड की टीमें शामिल होगी। स्पर्धा आगामी 23 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर तक चलेगी। नगर के ग्रीन हिल पार्क स्टेडियम वार्ड 4 में क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां तेज हो गई है। छग क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त एवं जिला क्रिकेट संघ राजनांदगांव से सम्बद्ध यह स्पर्धा सृजन निकेतन सिटी क्लब के तत्वाधान एवं मार्निंग क्लब के सहयोग से आयोजित होगी। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर गत दिनों सृजन निकेतन के प्रमुख अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में केएस ठाकुर, बंटी यादव, नरेश यादव, पोषण सिन्हा, उज्जवल कौशिक, विमल यादव, ललित निषाद, बिट्टु मिर्जा, भीम नायक, विकास मानिकपुरी, नरेन्द्र यादव, रविन्द्र ठाकुर, रवि मिश्रा, भूपेन्द्र पटेल, दीनदयाल साहू, किशोर यदव, मन्नू निषाद आदि शामिल हुए। क्रिकेट प्रतियोगिता में नागपुर, जबलपुर, झारसुगडा, रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, कोरबा, राजनांदगांव की टीमें शामिल होगी। स्पर्धा में विजेता टीम को 51 हजार एवं उपविजेता को 35 हजार नगद एवं रनिंग ट्राफी दिया जाएगा।

### कबीर सत्संग समारोह 26 से

**पटेवा।** ग्राम मोहंदी के सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम साहू एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन आगामी 26 से 28 दिसम्बर तक किया गया है। प्रवचन कर्ता महंत रामूदास साहेब मिरमिट्टी होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे चलेगा। 28 दिसम्बर को शाम 4 बजे से सात्विक चौका आरती का कार्यक्रम महंत शांतादास साहेब, दीवान प्रहलाद दास साहेब द्वारा किया जाएगा।

### रैली में शामिल होने दिल्ली गए लोधी

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की महारैली में शामिल होने रवाना हो गए है। इस रैली का आयोजन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए किया गया है। उनके साथ राजनांदगांव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले भी दिल्ली गए हैं।

### टीचर्स एसोसिएशन मिला जेडी से

**डोंगरगढ़।** छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु के नेतृत्व में सहायक संचालक केके शुक्ला से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सहायक संचालक ने बताया कि उच्च वर्ग से पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक के लगभग 600 रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ है। आगामी 20 दिसम्बर तक आदेश जारी होने की संभावना है। सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग की पदोन्नति प्रस्ताव हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने आदेश जारी किया गया है। व्याख्याता के 300 पदों पर अविलम्ब पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। इसी प्रकार प्राचार्य के लगभग 300 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है। मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, संजय राजपूत, शत्रुघ्न साहू, मनोज वर्मा, विद्यानंद डोंगरे, द्वारिका मंडावी, अपोल इक्का, भरतलाल साहू, रामसुख निषाद, गंगूराम टंडन, दयालदास बंजारे, मुकेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

### महारैली 14 को, कांग्रेस दल दिल्ली रवाना

**छुईखदान।** दिल्ली में आगामी 14 दिसंबर को आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली में भाग लेने के लिए छुईखदान युवक कांग्रेस का दल उत्साह के साथ रवाना हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने कार्यकर्ताओं को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस दल का नेतृत्व गुलशन तिवारी कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की रवानगी के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल, श्री जंघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, संजय महोबिया, सुदीप श्रीवास्तव, पार्षद मनीष कोचर, लक्ष्मण विश्वकर्मा मौजूद थे। इस रैली का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। श्री साहू ने बताया कि जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए हैं।



### वंदे मातरम का सम्मान करना सबकी जिम्मेदारी



**छुईखदान।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के विक्रांत चंद्राकर ने कहा कि संसद में वंदे मातरम् पर हो रही बहस देश के राष्ट्रवादी विचारों को मजबूत करने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने सत्ता की राजनीतिकरण करते हुए वंदे मातरम् को विवादों में घेरा और राष्ट्रीय जीवन के केंद्र से दूर किया, जबकि यही गीत स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्त्रोत था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने गौरवशाली मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों को फिर से सम्मान दिला रहा है। चंद्राकर ने स्पष्ट कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ गीत नहीं, भारत की आत्मा का स्वर है,और इसके सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

## निधन



### तोपसिंह राजपूत

**डोंगरगढ़।** गर्रापार निवासी और पूर्व जनपद सदस्य दाऊ तोप सिंह राजपूत का रायपुर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गर्रापार मुक्तिधाम में 12 दिसंबर को किया गया।

---

### खड़गांव दिव्यांग शिविर में वृद्ध और दिव्यांग हुए लाभान्वित

# उपकरण वितरित, दिव्यांगों की उम्मीद पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग ने सीएसआर योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन खडग़ांव में किया। शिविर में लौह अयस्क समूह दल्ली राजहरा, दुलकी खदान, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को का विशेष सहयोग रहा।

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि शिविर का आयोजन सशक्त समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जो हमें दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील होने प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि विकास में सभी की समान भागीदारी है किन्तु शारीरिक दिव्यांगता गति को धीमा कर सकती है। उन्होंने दिव्यांगजनों से आग्रह किया कि स्वयं को कभी कमजोर न समझें, क्योंकि यह सहायक उपकरण सपनों को पंख देने का कार्य करेंगे। समाज में सभी को समान अधिकार एवं सम्मान के साथ जीने का हक है। उन्होंने लोगों से भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मदद की आवश्यकता होए तो आगे बढ़कर सहयोग करें।

#### कलेक्टर ने कहा : सबको जीने का हक

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कहा कि सभी को सामान्य जीवन के साथ जीने का अधिकार है। इसी उद्देश्य से भिलाई स्टील प्लांट एवं समाज कल्याण विभाग के माध्यम से पहले परीक्षण शिविर आयोजित कर कार्ययोजना बनाई गई थी। परीक्षण के आधार पर चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के कारण यह आयोजन संभव हो पाया है।



#### 200 को मिला लाभ

शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों के 200 वृद्ध एवं दिव्यांगजनों को हस्त चलित ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग, श्वेत एवं समान्य छड़ी जैसे सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र खडग़ांव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह एवं कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने बाईक एम्बुलेंस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

#### जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत भोजेश शाह मांडवी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मांडवी, जिपं सदस्य रेखा कोठारी, जनपद सदस्य साहिदा खान, सरपंच रमिला धुर्वे, मानसिंह टीकम, घनश्याम कड़ियाम, देवप्रसाद सलाम, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, सीजीएम राजहरा माइंस के आरबी गहरवार, डीजीएम राजहरा माइंस मनीष जयसवाल, एजीएम राजहरा माइंस राकेश ठाकुर, डिप्टी मैनेजर सीएसआर बीएसपी केके वर्मा, सीएसआर बीएसपी बुधेनलाल साहू, अखिलेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

#### नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक

कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकारों ने डांस, गायन आदि विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच पुरवईया झमाझम पेंदाकोड़ा के कलाकारों ने लोकनृत्यों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। नशा मुक्ति का संदेश देते हुए प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। मटका फोड़ पुरूष वर्ग में जक्के के सुकलू राम प्रथम एव द्वितीय बोरिया के नागेश, महिला वर्ग में कुमर्दा की प्रीति प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आलकन्हार की चित्ररेखा रही। कुर्सी दौड़ पुरूष में जक्के के सुकलू राम प्रथम एवं जोरातरई के जगदीश द्वितीय, महिला वर्ग में प्रीती प्रथम एवं चित्ररेखा द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेक पुरूष में जोरातरई के जगदीश प्रथम, द्वितीय स्थान पर रेंगाकठेरा के मनेश तथा तृतीय स्थान पर जक्के के सुकलूराम रहें। महिला वर्ग में पहले स्थान पर आलकन्हार की चित्ररेखा तथा द्वितीय स्थान पर कुमर्दा की प्रीती रही। गोली चम्मच पुरूष में जोरातरई के जगदीश प्रथम, गुण्डरदेही के रतन द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर जक्के के सुकलू राम रहे।

---

# इंटर-स्कूल फुटबॉल कप शुभारंभ



**राजनांदगांव।** अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजित अजीज इंटर-स्कूल फुटबाल कप का पहला वर्ष 11 दिसंबर को भव्य रूप से आरंभ हुआ। खेलों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को अवसर, मंच तथा मैदान प्रदान करने के उद्देश्य से अजीज पब्लिक स्कूल ने यह महत्वपूर्ण पहल की है। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल मैनेजमेंट, डायरेक्टर तनाज़ अजीज और मेंटर फर्जाना दानिश के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि शिवम यादव अध्यक्ष क्रीड़ा भारती राजनांदगांव रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते प्रतियोगिता की शुरूआत की। कार्यक्रम में प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। मैच संचालन की जिम्मेदारी उमेश समुंद्रे, अमन प्रजापति और हेमंत ध्रुवा ने निभाई।

वहीं आयोजन में अजीज स्पोर्ट्स विभाग के सदस्यों तेजस राहुल, आयुष वैष्णव, मेघा तुमरेकी और खोमेंद्र साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टूर्नामेंट में रॉयल किड्स कॉन्वेंट, युगांतर पब्लिक स्कूल, डीपीएस, वाइडनर मेमोरियल, नीरज पब्लिक स्कूल, जेएलएम गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई, अजीज पब्लिक स्कूल तथा जेएमजे स्कूल सहित कुल 8 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पिपलाकछार में लगा शिविर

**खैरागढ़।** पांडादाह वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले ग्रापं पिपलाकछार में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता को लेकर ग्राम स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों व सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ, आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता और सोलर रूफटॉप प्रणाली की स्थापना से संबंधित तकनीकी जानकारी विस्तार से दी गई साथ ही सब्सिडी और वित्तीय सहायता संरचना के बारे में भी बताया गया ताकि लोग सही तरीके से योजना का लाभ उठा सकें।

शिविर मे ग्रामीणों ने बिजली बचत व सौर ऊर्जा के उपयोग की दिशा में रुचि प्रकट किया।

# दो वार्डों में विधायक निधि से विकास कार्य कराने महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 43 के शिकारीपारा में सीसी रोड एवं वार्ड नं. 46 के बसंतपुर गंज मंडी के पास यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पार्षदों तथा वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे की निधि एवं उनकी अनुशंसा तथा शासन द्वारा अधोसंरचना व शासन की विभिन्न योजना मद से स्वीकृत राशि से वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

दोनों वार्ड में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वार्ड नं. 43 की पार्षद खेमिन यादव, वार्ड नं. 46 के पार्षद हेमंत शेखर यादव, पार्षद रवि सिन्हा, अमृता सिन्हा, सेवक उइके, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव व पंकज कुरंजेकर, सामाजिक कार्यकर्ता गोलू गुप्ता की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप अभियंता ज्योति साहू व अनुप पांडे सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

---

# कन्हैया ब्लॉक और अमन सोनी शहर अध्यक्ष नियुक्त






**गंडई पंडरिया।** कांग्रेस संगठन को निचले स्तर तक मजबूत बनाने की कवायद के तहत जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह विस्तार छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडेरे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुशंसा से किया गया है। संगठन में अलग-अलग क्षेत्रों से सक्रिय कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का मौका दिया गया है। गंडई क्षेत्र के असरफ सिद्दकी को जिला महासचिव का पदभार दिया गया है।

इसी प्रकार शाद मेमन को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। कन्हैय्या कुर्रे को गंडई ब्लॉक की कमान सौंपा गया है। अमन सोनी को शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार अन्य कार्यकर्ताओ को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नई भूमिकाओं में समर्पण के साथ काम करते हुए संगठन को अधिक सशक्त तथा प्रभावी बनाएंगे।

# रसोई गैस कनेक्शन के लिए उमड़ी महिलाएं

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में लोगों ने ली रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

केन्द्र सरकार की दो महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री उज्जवला और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रचार और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर प्रशासन ने शिविर का आयोजन किया।

शहर के लोगों ने दोनों योजना में रूचि दिखाते हुए विभागीय स्टाल में जाकर जानकारी हासिल किया। सर्वाधिक दिलचस्पी महिलाओं ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में दिखाते हुए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा किया। प्रिदर्शनी इंदिरा सांस्कृतिक भवन में आयोजित शिविर में विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री उइके,असिस्टेंट इंजीनियर यशवंत कुमार तुमरेगी, जूनियर इंजीनियर श्रीकांत सिंग ने मौजूद रहकर शहर और आसपास



गांवों से पहुंचे ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे बताया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार से अनुदान मिलेगा साथ ही बिजली का उत्पादन होने से बिल से राहत मिलेगी। खपत से अधिक बिजली का उत्पादन होने पर अतिरिक्त आय भी होगी। उन्होंने लोगों को योजना से जुड़कर लाभ उठाने प्रेरित किया। जानकारी के अनुसार शिविर में 3 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया। वहीं 31 हितग्राहियों ने सोलर पेनल लगवाने पर सहमति जताया।

#### शिविर में उमड़ी महिलाएं

लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवार को रसोई गैस कनेक्शन देने की घोषणा के बाद लगे शिविर में शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत किया। महिलाओं ने शिविर में पहुंचकर योजना के लाभ के लिए विधिवत आवेदन जमा किया। वहीं महिलाओं के आवेदन प्रक्रिया को पूरा कराने में में सीएमओ विनम्र जेमा, भाजपा पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, राजा जैन, सद्दाम खत्री, दुर्गेश रामटेके,कोमल साहू सहित नगर पंचायत और पदमा गैस एजेंसी का स्टाफ सक्रिय नजर आया।

---

### कोलियारी में संकुल स्तरीय स्पर्धा आयोजित

# स्पर्धा में बच्चों ने किया कौशल प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

कोलियारी में गत दिनों संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का समापन भाजपा नेता रविन्द्र वैष्णव के आतिथ्य और जनपद सदस्य बालमुकुंद कुंजाम की अध्यक्षता में हुआ। विशेष अतिथि शैलेन्द्री सिन्हा, प्यारेलाल मंडावी, दयादास चन्द्रवंशी थे। प्रतियोगिता में लगभग 500 बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक वर्ग बालक की 80 मीटर दौड़ में साहिल प्रथम, गौरव द्वितीय, लंबी कूद में साहिल प्रथम, दवेश द्वितीय, सुरीली कुर्सी में हंसराज प्रथम, भेनू द्वितीय, आलू दौड़ में कुंदन प्रथम, साहिल द्वितीय, बोरा दौड़ा में कशिश प्रथम, फूलचंद द्वितीय, रिलेरेस में दवेश आदि प्रथम, साहिल आदि द्वितीय, कबड्डी में साहिल आदि प्रथम, फूलचंद आदि द्वितीय, खो-खो में साहिल आदि प्रथम, दवेश आदि द्वितीय रहे। बालिका वर्ग की 80 मीटर दौड़ में मानवी प्रथम, यामिनी द्वितीय, लम्बीकूद में मानवी प्रथम, ज्योति द्वितीय, सुरीली कुर्सी में माही प्रथम, नमिता द्वितीय, रस्सी छलांग मानवी प्रथम, आमेश्वरी द्वितीय, गोली चम्मच लालिमा प्रथम, नीतिका द्वितीय, रेलेरेस मानवी आदि प्रथम, लालिमा आदि द्वितीय, कबड्डी में लालिमा आदि प्रथम, ज्योति आदि द्वितीय, खो-खो नीतिका आदि प्रथम, मानवी आदि द्वितीय रही।

#### गांव के बच्चे हुए शामिल

माध्यमिक विभाग बालक वर्ग की 100 मीटर दौड में दिव्यांशु प्रथम, गुलशन द्वितीय, 200 मीटर दौड़ प्रीतकुमार प्रथम, चंदन द्वितीय, 400मीटर दौड महावीर प्रथम, लुकेश द्वितीय, 600मीटर दौड़ चंदन प्रथम, पुकेश्वर द्वितीय, लम्बीकूद दिव्यांशु प्रथम, गुलशन द्वितीय, गोलाफेंक दिव्यांशु प्रथम, प्रीत कुमार द्वितीय, कबड्डी दिव्यांशु आदि प्रथम, गुलशन आदि द्वितीय, खो-खो गुलशन आदि प्रथम, दिव्यांशु आदि द्वितीय, रस्साकसी गुलशन आदि प्रथम, दिव्यांशु आदि द्वितीय, रिलेरेस दिव्यांशु आदि प्रथम और योगेश आदि द्वितीय रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गुलेश्वरी प्रथम, हिमांशी द्वितीय, 200 मीटर दौड़ सिहदी प्रथम, लोमेश्वरी द्वितीय, 400 मीटर दौड़ सिहदी प्रथम, सोनाली द्वितीय, 600 मीटर दौड़ लोमेश्वरी प्रथम, ईकेश द्वितीय लंबी कूद गुलेश्वरी प्रथम, ओमिन द्वितीय, गोला फेंक सिहदी प्रथम, गुलेश्वरी द्वितीय, कबड्डी -फलक आदि प्रथम, सिहदी आदि द्वितीय, खो खो लोमेश्वरी आदि प्रथम, हिमांशी आदि द्वितीय, रस्साकसी हिमांशी आदि प्रथम, लोकेश्वरी आदि द्वितीय, रिलेरेस में गुलेश्वरी आदि प्रथम और सागरिका आदि द्वितीय स्थान रही।

# विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत



- संकुल स्तरीय खेल का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

भंडारपुर में दो दिनों तक संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिपं सभापति बिरम मंडावी, जनपद सभापति उत्तरा निषाद एवं सरपंच सीमा चंन्द्रंवशी की उपस्थिति में हुआ।

समापन अवसर पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। बच्चों ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, रस्साकसी सहित अन्य स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मूनबाई चंद्रवंशी, यशोहिया साहू, सविता साहू, मंगल साहू, दशरथ चंद्रवंशी, नंदकुमार चंद्रवंशी, प्रदीप पटेल, दुर्योधन साहु, रमेश्वर चन्द्रवंशी, कन्हैयाराम चन्द्रवंशी, शिक्षक चन्द्रहास धृतलहरे, कृष्णकुमार साहू, बेला चन्द्रवंशी, नरेन्द्र साहू, सत्यप्रभा साहु, आत्माराम, दुलारसिंग, महेश सिन्हा, महेश्वरी छेदैया, सुमन देशमुख, धननाथ मरकाम आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्यों की बैठक 15 को

**राजनांदगांव।** शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा संभाग स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आगामी 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में जिले के हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्राचार्यों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

## निधन

### परस राम जंघेल



**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया निवासी परस राम जंघेल का शुक्रवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य बीते कुछ समय में खराब चल रहा था। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गया। वे मिलनसार एवं हंसमुख व्यक्तिक्व के धनी थे। उनके निधन से पूरा परिवार गहरा शोक में डूब गया है। उसकी अंतिम यात्रा कल शनिवार को सुबह 9 बजे निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 89860 क्विंटल धान का उठाव

# 37 हजार किसानों ने बेचा 455 करोड़ रुपए का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



**एप से मिल रही सुविधा**

धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 37824 पंजीकृत किसानों से 455 करोड़ 57 लाख रुपए मूल्य का 1918140 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 89860 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

# केसीजी जिला साहू संघ के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने टीलेश्वर

### 172 मतों के लंबे अंतराल से किया पराजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू जिला साहू संघ के पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने। प्रदेश साहू संघ द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक रमेश साहू, हरि द्वारिका साहू, मुख्य चुनाव अधिकारी परदेशी राम साहू, सहायक चुनाव अधिकारी हिरेंद्र कुमार साहू, सेवक राम साहू, भागवत साहू, किशोरी लाल साहू, रोशन लाल साहू, चरण साहू के मार्गदर्शन में जिला साहू संघ का प्रथम चुनाव हुआ।

इस अवसर पर जिला साहू संघ संरक्षक बिसेसर साहू, भुनेश्वर साहू, मिनेश साहू, प्रीतलाल साहू, जैनेंद्र साहू, हरि साहू, लखनलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, परमानंद साहू, यदुकुमार साहू, घम्मन साहू, श्याम सुंदर साहू, शत्रुघ्न साहू, गोवर्धन साहू, डोरेलाल साहू, महेन्द्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

**रामबिलास बने उपाध्यक्ष**

चुनाव में अध्यक्ष पद पर टीलेश्वर साहू ने 426 मत हासिल कर निकटतम प्रति,द्वी डॉ बिशेसर दास साहू 254 को 172 मतों के लंबे अंतर से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पुरूष वर्ग मे रामबिलास साहू 412 मत ने हेमन्त कुमार साहू 265 मत को 147 से हराया। उपाध्यक्ष पद महिला वर्ग मे कांति साहू निर्विरोध निर्वाचित हुई। संगठन सचिव पुरूष वर्ग मे अशोक साहू को 393 मत मिला जबकि रामावतार साहू को 286 मत मिला। संगठन सचिव महिला वर्ग मे प्रमिला साहू को 415 मत प्राप्त हुआ जबकि उनके प्रतिद्वंदी ललिता साहू को 263 मत मिला। चुनाव मे 754 मतदाताओं में से 686 ने जिला साहू संघ के निर्वाचन मे भाग लेकर मतदान किया। सभी विजयी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन मुख्य चुनाव अधिकारी परदेशी राम साहू और आभार नव निर्वाचित अध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने किया।

# संगीत विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा, सांसद ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संसद सत्र के दौरान लोकसभा सांसद संतोष पांडेय ने इंदिरा कला संगीत विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा देने की जोरदार मांग उठाई।

सांसद पांडेय ने कहा कि यह सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश और दुनिया की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे उचित सम्मान मिलना आवश्यक है। संसद में अपनी बात रखते हुए उन्होने बताया कि इंदिरा कला संगीत विवि शास्त्रीय संगीत को समर्पित एशिया का पहला विवि है। यहाँ कथक, भरतनाट्यम, लोक संगीत सहित अनेक विधाओं की शिक्षा दी जाती है और विदेशों से भी छात्र-छात्राएँ आकर अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर विवि की बड़ी प्रतिष्ठा है लेकिन उसे वह मान-सम्मान अब तक नहीं मिला, जिसका वह हकदार है। सांसद पांडे ने बताया कि संगीत विवि 14



अक्टूबर 1956 को स्थापित हुआ था और तब से निरंतर भारतीय कला-संगीत की विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने पीठासीन अध्यक्ष के माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह किया कि संगीत विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा दिया जाए ताकि इसकी अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत हो सके। सांसद पांडेय ने देश की सांस्कृतिक समृद्धि और गौरव का केंद्र इंदिरा कला संगीत विवि को केंद्रीय विवि घोषित किया जाए। सांसद की इस मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक व शैक्षणिक जगत में भी चर्चा तेज हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह दर्जा मिलता है तो कला-संगीत शिक्षा के क्षेत्र में खैरागढ़ का महत्व और अधिक बढ़ जाएगा।

# शुगर पीड़ित मरीजों के लिए बड़ी राहत

**राजनांदगांव।** मधुमेह से पीड़ित उन मरीजों के लिए खुशखबरी है, जिन्हें शुगर के कारण आंखों में समस्या रहती है। उदयाचल में अब प्रत्येक शनिवार को रेटिना एवं नेत्र जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। यह सेवा विशेष तौर पर डायबिटिक रेटिनोपैथी से ग्रसित या उसके खतरे वाले मरीजों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। शुगर के मरीजों में रेटिना पर असर पड़ने का जोखिम अधिक होता है और समय पर जांच न होने पर यह स्थिति आगे चलकर अंधत्व का कारण भी बन सकती है। उदयाचल में तैनात विशेषज्ञ शनिवार को मरीजों की विस्तृत और गहन जांच करेंगे। जिससे प्रारंभिक अवस्था में ही बीमारी की पहचान कर उचित उपचार किया जा सके।

### समय रहते जांच कराएं, रोशनी सुरक्षित रखें

डॉक्टरों का कहना है कि शुगर से जुड़ी आंखों की अधिकांश समस्याओं का इलाज संभव है। बशर्ते मरीज नियमित जांच कराएं। इस नई सुविधा से जिले के सैकड़ों मरीजों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सूचना प्रभारी गौतम बाफना ने बताया कि "शुगर मरीजों की बढ़ती संख्या और आंखों की गंभीर समस्याओं को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। सभी मरीज इस सुविधा का लाभ उठाएं और समय पर जांच कर अपनी आंखों की रोशनी सुरक्षित रखें।

# भाजपा सरकार में विकास कार्यों को मिली रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दाऊचौरा वार्ड 16 और 17 मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने 86 लाख रूपयो के अलग अलग कामो का भूमिपूजन किया।

वार्डवासियो की मूलभुत सुविधाओ मे बढ़ोतरी के लिए नाली, सीसी रोड, देवांगन भवन मे अतिरिक्त कक्ष जैसे कामो के लिए वार्ड 16 में 64 लाख और वार्ड 17 में 22 लाख रुपए मिलाकर कुल 86 लाख रुपयो के विकास परक कामो का भूमि पूजन किया गया वही पार्षद निधि से अतिरिक्त कक्ष के लिए 4.50 लाख की स्वीकृति भी दी गई। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास कार्यों की गति तेज हुई है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा हैं और जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने की। इस दौरान भाजपा नेता टीके चंदेल, वार्ड 16 पार्षद विनय देवांगन, वार्ड 17 पार्षद पुष्पा सिंदूर, चंद्रशेखर यादव, कमलेश कोठले, रूपेंद्र रजक, राजेश देवांगन, मोनिका रजक, दिलीप राजपूत, अनुज देवांगन, सूर्यदमन सिंह, आयश सिंह बोनी, अनीस सिंह, मदन देवांगन, डॉ प्रशांत झा, आलोक श्रीवास, त्रिलोकी देवांगन, पन्नालाल देवांगन, सुरेश देवांगन, अमित देवांगन, ईश्वर देवांगन, मंजीत सिंह, मदन देवांगन, रवि देवांगन, हीरालाल देवांगन, जेठू बर्मन, हेमलाल देवांगन, राकेश चंदवानी, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में दोनो वार्ड के निवासी मौजूद थे।

**श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष**

वार्ड 16 दाऊचौरा मे भाजपा कार्यकर्ता मदन देवांगन के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होने व्यासपीठ के समक्ष क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत जीवन को दिशा देने वाला पवित्र ग्रंथ है जिसका श्रवण मन को शांति और संवेदना प्रदान करता है। विक्रांत सिंह ने कहा कि इस प्रकार का धार्मिक आयोजन समाज को एकता और संस्कारों से जोडने का कार्य करता हैं। कथा आयोजन के लिए मदन देवांगन और परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं जो परिवार व समाज दोनों के लिए मंगलकारी होते हैं। इस अवसर पर पार्षद विनय देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अन्नपूर्णा मुहिम, लगातार कर रही सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से जारी अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी बन रही है।

ब्लाक के अवेली निवासी लकवा से पीड़ित रिखीराम पटेल का पूरा परिवार गुजर बसर करने मे असमर्थ है उनके यहाँ संत के अनुयायी बीते 25 सितम्बर को पहली बार और अब 21 अक्टूबर को दीप पर्व से पहले दूसरी बार पूरी राशन सामग्री देने पहुँचे और तीसरी बार 11 दिसंबर को जब पहुँचे तो पटेल परिवार ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे दूसरी और तीसरी बार कोई सहयोग करने आगे आएगा कोई ज्यादातर संगठन एक बार मदद कर आगे बढ़ जाते हैं लेकिन संत रामपाल ने दिखाया कि जिस परिवार को वे अपनाते है उसे जीवनभर नहीं छोड़ते। रिखीराम पटेल ने भावुक होकर कहा कि आज की दुनिया में कोई किसी का नहीं होता लेकिन संत ने हमें अपना लिया है। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सेन और ग्रामीणों ने कहा कि संत बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा कर रहे हैं और यह मुहिम पूरे देश में चलनी चाहिए।



**गरीबी से जूझ रहा था परिवार**

गरीबी और विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के लिए संत रामपाल की अन्नपूर्णा मुहिम लगातार लोगो का सहयोग कर रही है। रिखी राम का परिवार सालो से कठिन हालात मे जीवनयापन करने मजबूर था। मुखिया लकवा से अशक्त हो गया तो बूढ़ी मां घर चलाने का प्रयास कर रही थी। बेटी ने बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। खेती-बाड़ी के लिए जमीन नहीं और रहने को जर्जर छत वाला कच्चा मकान और बिल नही पटाने के कारण अंधेरो मे कटते उनके जीवन मे संत की प्रेरणा से सेवा कर रही अन्नपूर्णा मुहिम ने परिवार तक आवश्यक सामग्री पहुंचाई और दैनिक जीवन मे उपयोग आनी वाले सामानो को दिया था। रिखीराम ने कहा कि जब संत समाज के कल्याणार्थ आगे आते हैं, तब सबसे कमजोर और असहाय व्यक्ति भी नया जीवन जीने की आशा पा लेता है। इससे पहले संत के अनुयायियो ने दपका मे आगजनी के चलते दर बदर हो रहे स्व महेश निषाद के परिवार के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए तमाम दैनिक जीवन मे उपयोग होने वाले सामानो के अलावा राशन और कपड़ा, जूता, ठंड को देखते हुए गर्म शूटर जैकेट ओढने बिछाने का बिसतर तक मुहैया कराया था।

# सुंदरकांड महोत्सव का 2160वां पाठ 21 को

**राजनंदगांव।** श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां अर्थात 2160वां सुंदरकांड पाठ सनसिटी परिवार के तत्वावधान में 21 दिसंबर को सनसिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं सनसिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा, वरिष्ठ सदस्य अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, राहुल अग्रवाल, मनीष सहिता संहित कीर्ति भोजानी, कुणाल विशाल शर्मा, लालू सांखला के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां पाठ 108 भक्त जोड़ो के साथ 21 दिसंबर को सनसिटी परिवार के संयोजकत्व में आयोजित है। इस महोत्सव के आशीर्वादक एवं प्रेरणाश्रोत परमश्रद्धेय नंदू शर्मा है। श्री सुंदरकांड महोत्सव की व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। समिति के योगेश कोटक व दीपक अग्रवाल के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108वां पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 20वीं माला के 103 पाठ पूर्ण हो चुके हैं। 20वीं माला का 108वां पाठ अर्थात 2160वां पाठ 21 दिसंबर को सनसिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में आयोजित है। समिति के अनुसार 21 दिसंबर को सुबह 10.08 बजे से हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5.40 बजे से श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। रात्रि 09 बजे से महाप्रसादी होगी।

# दो जब्तशुदा वाहन राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ शासन के पक्ष में किया राजसात

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सांई मंदिर के पास रावतपुरा फेस-2 रायपुर निवासी शब्बीर मोहम्मद के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन दोस्त प्लस एलएस क्रमांक सीजी-04-एनएल-6724 एवं प्लाट नंबर 246 यशोधरा रोड शिव शक्ति नगर नागपुर निवासी अब्दुल फरहीन के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन टाटा इस्ट्रा पिकअप क्रमांक एमएच-49-बीजेड-3937 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

**जब्त वाहन में पकड़ाए थे मवेशी**

प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन करते जब्त वाहन दोस्त प्लस एलएस क्रमांक सीजी-04-एनएल-6724 में वाहन चालक द्वारा कुल 2 नग मवेशी भैंस प्रजाति एवं जब्त वाहन टाटा इस्ट्रा पिकअप क्रमांक एमएच-49-बीजेड-3937 में वाहन चालक द्वारा 4 नग मवेशी भैंस प्रजाति के भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचडखाना व कत्लखाना की ओर ले जाया जा रहा था।

### नस व दिमाग के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार को होंगे उपलब्ध

**राजनांदगांव।** शहर सहित अंचल के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड में उपलब्ध होगी। इससे लोगों स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह शनिवार को क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरो में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, पेट एवं लिवर रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्म्स से परिचिय कराने सेमिनार का आयोजन

# कॉलेज में ज्ञान और सृजनात्मकता का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई में पिछले दो दिनों में शैक्षणिक और सृजनात्मक गतिविधियों का माहौल रहा। महाविद्यालय में जहां छात्रों को राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से परिचित कराने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया, वहीं भारतीय डाक विभाग के सहयोग से ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता भी सफलक संपन्न हुई।


11 दिसंबर को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया क्लब ओरिएंटेशन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय डिजिटल



शैक्षणिक संसाधनों से परिचित कराना और कॉलेज में ई-लर्निंग संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उपयोग, सुविधाओं और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रमुख राष्ट्रीय ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के बारे में भी बताया गया। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की महत्ता को समझते हुए इस दौरान 28 छात्रों ने क्लब में पंजीकरण कराया। यह आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका संचालन हेमंत मिश्रा , टीएल वर्मा,दीपांशु यादव ने किया।

**ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता**

इसी क्रम में, आज शासकीय महाविद्यालय गंडई में भारतीय डाक विभाग, गंडई शाखा के सहयोग से ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्धारित विषय मेरे जीवन का आदर्श था। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पत्र लेखन विद्यार्थियों में भाषा, संवेदना और सृजनात्मकता का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने आदर्शों को समर्पित प्रभावशाली पत्र प्रस्तुत किए। इस आयोजन में प्राध्यापक पल्लवी गुप्ता, शिल्पी देवांगन, डॉ. गौरव जैन, आकाश देवांगन एवं दीपांशु यादव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। भारतीय डाक विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती ममता साहू ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं, वित्तीय सुविधाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी। दोनों ही आयोजनों ने महाविद्यालय में छात्रों की डिजिटल जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के कौशल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।



## सार समाचार

### निःशुल्क स्पीच थैरेपी क्लास में 30 बच्चे लाभान्वित

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक स्थित तिरूपति कॉम्प्लेक्स में दिवंगत समाजसेवी देवकरण राठी की स्मृति में आयोजित निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन क्लास ने आज कई परिवारों के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगाई। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में कुल 30 बच्चों ने लाभ प्राप्त किया। जिनमें से कई बच्चे पहली बार किसी थैरेपी सत्र से जुड़े। इस विशेष पहल का संचालन स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ एवं स्पेशल एजुकेटर रजनी राठी द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को पूरी संवेदनशीलता और समर्पण के साथ थेरेपी प्रदान की। हकलाहट, तुतलाहट और बोलने में कठिनाई का सामना कर रहे बच्चों के लिए यह क्लास नई संभावनाओं का मार्ग खोलने वाली रही। रजनी राठी का कहना है कि बच्चों के आत्मविश्वास में आया सकारात्मक बदलाव ही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। स्व.देवकरण राठी के नाम समर्पित यह आयोजन उनके जीवन के मानव सेवा सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का एक जीवंत प्रयास है।




### त्रिशा का 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा में चयन

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग की छात्रा त्रिशा गावण्डे कक्षा छठवी का चयन 69 राष्ट्रीय शालेय कुराश सहारनपुर उत्तरप्रदेश के लिए 14 से 20 दिसंबर तक के लिए हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, हेडमिस्ट्रेस वैशाली सिंग, खेल प्रशिक्षक दुर्गेश साहू सहित शिक्षकों व स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।



### बीरबल साहनी जयंती का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के वनस्पति शास्त्र विभाग में बीते 14 नवंबर को बीरबल साहनी जयंती मनाया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता महेश्वर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत बीरबल साहनी के चलचित्र में पुष्प अर्पित कर किया गया।



विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता महेश्वर ने बीरबल साहनी के जीवनी के बारे व वनस्पति शास्त्र में उनके योगदान के बारे में बताया। डॉ. त्रिलोक देव द्वारा फॉसिल पौधे एवं उनका अध्ययन के क्या महत्व है, के बारे में जानकारी दी गई। इसी क्रम में एमएससी तृतीय सेमेस्टर से अदिति ने पुरावनस्पतिक विज्ञान (पैलियोबोटेनी) के बारे में अपने विचार रखे। इस प्रकार बीरबल साहनी जयंती का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. त्रिलोक देव, डॉ. सोनल मिश्रा, डॉ. केशवराम आडिल, किरण जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एमएससी तृतीय सेमेस्टर कि विद्यार्थी वीणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** मानवाधिकार दिवस पर शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महिश्वर के मार्गदर्शन में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी द्वारा मानवाधिकार पर विचार रखा गया। कार्यक्रम में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजकुमार बंजारे, संजय सप्तर्षि, डॉ. भारतीय सोनी व दीपक कुमार एवं एमए के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का नगर आगमन आज

**राजनांदगांव।** राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ कल 13 दिसंबर को नगर में पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। श्री कुलश्रेष्ठ शाम को नगर के रामाधीन मार्ग स्थित माहेश्वरी भवन में नागरिकों एवं युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। आयोजकों के अनुसार पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा, वैचारिक चुनौतियों, युवा चेतना और समसामयिक परिदृश्य पर अपने विचार साझा करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर शहर के बुद्धिजीवियों और युवाओं में विशेष रूचि देखने को मिल रही है। 'राष्ट्र चिंतन' टीम ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस विचारमंथन आधारित कार्यक्रम में शामिल होकर सारगर्भित चर्चा का लाभ लें। सकारात्मक सोच से ही राष्ट्र सशक्त बनता है। कार्यक्रम आयोजकों ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक दृष्टिकोण सबसे प्रभावी शक्ति है। युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता बढ़ेगी तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का अगला प्रेरक संबोधन डोंगरगढ़ में 14 दिसंबर को दोपहर 03 बजे छीरपानी में आयोजित होगा।



### डीएसपी चयनित तुषार का सम्मान

**राजनांदगांव।** शहर की प्रतिष्ठित वेसलियन हिन्दी मीडियम स्कूल ने हाल ही में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में डीएसपी के पद पर चयनित हुए तुषार मंडावी का सम्मान किया। तुषार उक्त शैक्षणिक संस्थान के पूर्व छात्र हैं। वह साल 2018-19 में संस्था से पासआउट हुए थे। संस्था प्राचार्य संजय गार्डिया ने स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तुषार को आमंत्रित कर सम्मानित किया। खेल उत्सव में मुख्य अतिथि मंडावी ने सभी दल के रंगों का दो सजे झंडे का ध्वजारोहण किया। इसके बाद पूर्व माध्यमिक कक्षा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य द्वारा खेलों के महत्व पर उद्बोधन के पश्चात मुख्य अतिथि श्री मंडावी ने गर्व महसूस करते कहा कि जिस संस्था में वह शिक्षित हुए, आज वहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना गर्व का अहसास करा रहा है। छात्र जीवन से ही अध्ययन के प्रति लगाव रखने की जानकारी देते मंडावी ने कहा कि ऊंचे पद पर जाना उनकी लगन और निष्ठा से संभव हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का न्यूनतम प्रयोग करने की सलाह देते कहा कि मोबाइल का सदुपयोग काम्पिटिशन इक्जाम की तैयारी के लिहाज से किया जा सकता है। इसका ध्यान रखना जरूरी है कि मोबाइल के जरिये अपना समय व्यर्थ न करें। मंडावी ने कहा कि रोजाना समय का पाबंद होना भी जरूरी है। मुख्य अतिथि के उद्बोधन को सुनकर विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका और संस्था का मनोबल बढ़ाया।



## साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने आयोजन

# साइबर पीस यात्रा में उमड़ा उत्साह 350+ प्रतिभागियों की उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जितो राजनांदगांव लेडीज विंग द्वारा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजित "साइबर पीस यात्रा" कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के मंगल उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात जितो लेडीज विंग राजनांदगांव की चेयरपर्सन रूचि ललवानी एवं महावीर मेडिकल कॉलेज के डीन श्री नंदा द्वारा स्वागत एवं उद्घोषण प्रस्तुत किया गया। जिसके उपरांत कार्यक्रम को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जिसने इस आयोजन को अत्यंत ऊर्जावान और प्रभावशाली बना दिया। बढ़ते डिजिटल युग में साइबर जागरूकता की आवश्यकता को देखते प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ सभी सत्रों में हिस्सा लिया।



### सीएसपी वैशाली जैन का मार्गदर्शन

सीएसपी वैशाली जैन जो वर्तमान में राजनांदगांव में पदस्थ है और मूल रूप से मेरठ उत्तरप्रदेश से है, ने साइबर अपराधों में बढ़ती चुनौतियों तथा उनसे निपटने के आधुनिक तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को डिजिटल सतर्कता अपनाने प्रोत्साहित किया।

### कार्यक्रम का निष्कर्ष

समग्र रूप से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और उपस्थित प्रतिभागियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता, समझ और सतर्कता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जितो लेडीज विंग राजनांदगांव ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने वास्तविक घटनाओं और केस स्टडीज के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरूक किया। जिससे उपस्थितजनों को साइबर सुरक्षा का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रश्न-उत्तर सत्र भी रखा गया। जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों ने सरल और स्पष्ट शब्दों में समाधान प्रस्तुत किए। इस सफल आयोजन के पीछे जितो लेडीज विंग की सशक्त टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एएसपी शर्मा ने दी जानकारी

इसके पश्चात एएसपी राहुल देव शर्मा ने साइबर अपराध के विभिन्न रूपों पर अत्यंत विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल भुगतान की सावधानियां और व्यक्तिगत डेटा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर, शिकायत प्रक्रिया और त्वरित रिपोर्टिंग के महत्व पर विशेष जोर दिया। उनकी व्यवहारिक और सूचनाप्रद प्रस्तुति सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक रही।

### एसपी शर्मा का प्रेरणादायक संबोधन

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एसपी अंकिता शर्मा, जिन्हें पूरे छत्तीसगढ़ में "लेडी सिंघम" के नाम से जाना जाता है, ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर गहन विचार साझा किए। उन्होंने बढ़ते ऑनलाइन अपराध, विशेष रूप से चाकूबाजी व गुंडागर्दी जैसे मुद्दों पर अपने कड़े रुख का उल्लेख करते बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उतनी ही सतर्कता आवश्यक है। उनका प्रेरक संदेश युवाओं में सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा।

### तीर्थ दर्शन योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले से 26 से 31 दिसंबर तक हरिद्वार, ऋषिकेश, भारत माता मंदिर की यात्रा प्रस्तावित है। जिले को 313 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यात्रा का बोर्डिंग स्टेशन राजनांदगांव है। योजना अंतर्गत 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक एवं विधवा व परित्यक्त महिलाएं आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने पात्रता रखने वाले हितग्राही संबंधित जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत कार्यालय में यात्रा प्रारंभ होने के 10 दिवस पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कलेक्टर से युवोदय स्वयं सेवियों ने की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव से युवोदय स्वयंसेवियों ने कलेक्टोरेट में सौजन्य भेंट की। कलेक्टर को युवोदय स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं उन्हें शुभकामनाएं दी।

### बैठक 22 दिसम्बर को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक 22 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## रायपुर में मेगा हेल्थ कैंप : उदयाचल नेत्र चिकित्सालय को मिली बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रायपुर में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेगा कैंप को लेकर प्रदेशभर में उत्साह है। यह शिविर राजेश मूणोत के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 2 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

इस आयोजन में नेत्र जांच एवं नेत्र संबंधी उपचार के लिए उदयाचल नेत्र चिकित्सालय का चयन किया जाना स्वयं में एक बड़ा सम्मान माना जा रहा है। विशेषकर तब जबकि रायपुर में कई बड़े नेत्र अस्पताल मौजूद हैं।

#### उदयाचल टीम ने की स्थल निरीक्षण और बैठक

उदयाचल नेत्र चिकित्सालय की टीम रायपुर पहुंची और शिविर स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र बाफना, अतुल रायचा, अशोक मोदी, प्रवीण सांखला, नम्रता तिवारी, समृद्धि तिवारी व साइट सेवर टीम की उर्मी माला एवं पूजा सोनी भी शामिल थी। उपरोक्त टीम ने राजेश मूणोत, अनिल पारख तथा उनकी टीम के साथ लगभग दो घंटे तक विस्तृत चर्चा कर शिविर की रूपरेखा एवं कार्ययोजना तय की।

#### शिविर में मिलेगी सेवाएं

नेत्र जांच पूरी तरह निःशुल्क, जरूरतमंद मरीजों को चश्मा एवं दवाई मुफ्त वितरण किया जाएगा, जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उन्हें राजनांदगांव लाकर उदयाचल नेत्र चिकित्सालय में पूरी तरह निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। अशोक मोदी ने कहा कि "हमारे लिए यह सिर्फ एक शिविर नहीं, बल्कि सेवा का असीम अवसर है।



इतने बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों तक नेत्र उपचार पहुंचाने का दायित्व पाकर हम गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी कोशिश रहेगी कि हर व्यक्ति तक सही जांच, बेहतर उपचार और आवश्यक सुविधा बिना किसी शुल्क के पहुंच सके।"

#### सहयोग अत्यंत प्रेरणादायक

उदयाचल प्रबंधन ने बताया कि शिविर तैयारी में राजेश मूणोत और उनकी टीम का विशेष सहयोग मिल रहा है। जबकि उदयाचल के चयन में अनिल पारख की अहम भूमिका रही। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गौतम बाफना द्वारा दी गई।

### संस्कृति एवं साहित्य विमर्श कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी रायपुर द्वारा कल 13 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे प्रेस क्लब रामदरबार चौक में राजनांदगांव संस्कृति एवं साहित्य विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संपादक दैनिक सबेरा संकेत सुशील कोठारी, विशिष्ट अतिथि पुरातत्वविद डॉ. आरएन विश्वकर्मा, विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. शंकर मुनि राय, अध्यक्ष प्रेस क्लब सचिन अग्रहरि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा करेंगे। इस दौरान आधार वक्तव्य चेयरमैन अध्ययन बोर्ड मानविकी डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में रायपुर साहित्य महोत्सव पर भी चर्चा की जाएगी। राजनांदगांव जिले के साहित्य व सृजन पर केंद्रित राजनांदगांव संस्कृति एवं साहित्य विमर्श में जिले के सभी साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है।

## शो-रूम कर्मचारी ने की धोखाधड़ी फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शो-रूम में काम करने वाले द्वारा धोखाधड़ी कर फरार होने वाले आरोपी की पतासाजी कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा शिकायत प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अनुपम नगर स्टेडियम के सामने क्लब फोक्स मेंस वियर का शो-रूम खोला है, जिसे चलाने के लिए सेल्समेन रोशन अहिरवार को मैनेजर के पद पर मासिक वेतन पर काम में रखा है। रोशन अहिरवार शो-रूम की खरीदी-बिक्री एवं स्टाफ की संपूर्ण देखरेख व हिसाब-किताब करता है। पैसों की लेनदेन बिक्री एवं जमा करने संबंधी संपूर्ण कार्य करता है, जो वॉट्सअप के माध्यम से प्रार्थी को दुकान की लेनदेन का हिसाब



### आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में सायबर सेल राजनांदगांव के मदद से फरार आरोपी रोशन अहिरवार की पूरी जानकारी के आधार पर आरोपी रोशन अहिरवार को बिलासपुर से हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया, जो अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

### साढ़े पांच लाख की धोखाधड़ी

क्लब फोक्स वियर कंपनी के अधिकृत कर्मचारी द्वारा राजनांदगांव शो-रूम का भौतिक सत्यापन करने पर रोशन अहिरवार द्वारा 60-70 हजार रुपए नगद, 200 नग मेन्स वियर का सामान टी-शर्ट, शर्ट, पैंट, टाउजर, बेल्ट, रूमाल, मोजा कीमती करीबन 4,50,000 रुपए नहीं था। वह अपने एकाउंट एवं ऑडिट की जांच पड़ताल किया तो रोशन अहिरवार द्वारा 18 जुलाई 2024 के 16,000 रुपए के जमा राशि पावती में छेड़छाड़ कर 33,300 रुपए तथा 6 अगस्त के जमा पावती रकम 1597 रुपए के आगे 1 जोड़कर उसे 11597 रुपए बनाकर रकम जमा पावती रसीद की रकम को बढ़ाया है। रोशन अहिरवार इसके फ्रेंचाईजी क्लब फोक्स गेंस वेयर राजनांदगांव दुकान में 18,000 रुपए मासिक वेतन पर काम करते दुकान के सामान एवं बिक्री रकम लेकर भाग गया। सेवा में रहते हुए रकम, जमा पावती रसीद में हेराफेरी कर छलपूर्वक 5,50,318 रुपए का धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4), 316(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## एस्ट्रोटर्फ बदलने को मिली प्रशासकीय स्वीकृति, हॉकी जगत में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्रवार का दिन खेल जगत के लिए खास रहा, क्योंकि लंबे समय से प्रतीक्षित राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ परिवर्तन को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि शहर के जनप्रतिनिधियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। जिसने पूरे खेल जगत में उत्साह का संचार किया है।

विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयास, मुख्य मंत्री, तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ डॉ. विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण अरुण साव, सांसद संतोष पांडे तथा महापौर मधुसूदन यादव के समन्वित प्रयासों से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति संभव हो पाई है। अब उम्मीद है कि बहुत जल्द



राजनांदगांव के एस्ट्रोटर्फ को बदलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। जिससे खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, डीएचए सचिव शिवनारायण धकेता, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, नीलम जैन, भूषण साव, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश सांखला, ज्ञानचंद जैन, आशा थॉमस, प्रिंस भाटिया, महेंद्र ठाकुर, गुणवंत पटेल, रणविजय प्रताप सिंह, तीरथ गोस्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, अनुराज श्रीवास्तव, रामावतार जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, शकील अहमद, किशोर धीवर, खुशाल यादव, अरुण शुक्ला, राजेश यादव, दिग्विजय श्रीवास्तव, आशीष सिन्हा, शहर के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं समस्त खेलप्रेमी नागरिकों ने विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस स्वीकृति से न केवल राजनांदगांव हॉकी को नई गति मिलेगी, बल्कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक मजबूत मंच भी प्राप्त होगा। राजनांदगांव की यह उपलब्धि शहर के विकास और खेल संस्कृति को नई दिशा देने वाली साबित होगी। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने उम्मीद किया है कि टर्फ परिवर्तन के बाद यहां और भी बड़े हॉकी आयोजन देखने को मिलेंगे तथा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

### खेल जगत को मिली सौगात से हर्ष

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ के नवीनीकरण की बहुप्रतीक्षित मंजूरी मिलने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि यह निर्णय शहर की हॉकी नर्सरी और खेल भविष्य के लिए "स्वर्ण अध्याय" साबित होगा। लंबे समय से आधुनिक हॉकी मैदान की प्रतीक्षा कर रहे खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए यह बड़ी सौगात है। योगेश बागड़ी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव और विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति मिली है। उनके अनुसार एस्ट्रोटर्फ का कायाकल्प होने से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के अनुरूप माहौल एक बार फिर तैयार होगा और शहर की हॉकी नर्सरी को नई ऊर्जा मिलेगी।श्री बागड़ी ने जानकारी दी कि एस्ट्रोटर्फ नवीनीकरण : 5 करोड़ 92 लाख, टेनिस कोर्ट निर्माण : 50 लाख, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (खेले इंडिया) : 9 करोड़ 50 लाख। इन स्वीकृतियों के साथ संस्कारधानी अब तेजी से "खेलधानी" के रूप में विकसित होने की दिशा में बढ़ रही है। एथलेटिक्स और अन्य व्यक्तिगत खेलों में भी खिलाड़ियों के लिए बड़े अवसर खुलेंगे।



## मेटाडोर की चपेट में आने से युवक की मौत

**छुईखदान।** गेरूखदान इलाके में एक मेटाडोर के पिछले पहिये में एक युवक आ गया। जिससे उसकी मौत होने की खबर है।

प्राप्त जानकारी अनुसार के बकरकट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकरापाठ गेरूखदान के पास एक मेटाडोर में टेका लगाने के चक्कर में मेटाडोर के पीछे पहिये की चपेट में एक युवक आ गया। जिससे उसकी मौत होने की खबर है। बताया जा रहा है कि मृतक का नाम ओम महोबिया



18 साल छुईखदान निवासी है। उक्त मेटाडोर छुईखदान की है। मेटाडोर में फ्लाई ऐश ब्रिक्स काला ईट भरी हुई थी। आज शाम हुए इस दर्दनाक घटना की खबर से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं क्षेत्र में शोक व्याप्त है।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कवर्धा।** क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों व उच्च शिक्षा में अध्ययनरत नियमित दिव्यांग विद्यार्थी को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। दावा 23 दिसंबर तक समाज कल्याण विभाग में कर सकते हैं।

### पुलिस जीडी आरक्षक पद पर खुशीराम का चयन

**बोड़ला।** पुलिस जीडी आरक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम नवापारा निवासी रुपचरण पटेल के सुपुत्र खुशी राम पटेल का चयन हुआ है। बताया जाता है कि छात्र द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बोड़ला से अपनी शिक्षा प्राप्त किया है। राम पटेल की इस उपलब्धि से परिवार एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, उनकी इस सफलता पर सहपाठियों, मित्रों, परिजनों और गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### नपं बोड़ला में 12 कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**बोड़ला।** बोड़ला नगर पंचायत में 12 कार्यों के लिए 3 करोड़ 61 लाख 73 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस संबंध में प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शेड निर्माण के लिए 4 लाख 62 हजार, फुटपाथ निर्माण 8 लाख 90 हजार, नाली व सड़क चौड़ीकरण के लिए 72 लाख 74 हजार मंजूर किए हैं। नगर में स्वीकृत इन विकास एवं निर्माण कार्यों पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**घोषणा :** मुख्यमंत्री ने कवर्धा में की श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव रिवर फ्रंट निर्माण व रवेली में महाविद्यालय की घोषणा

# सीएम साय ने कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की नींव रखकर जिले को दी ऐतिहासिक सौगात

रिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा/कोलेगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कबीरधाम जिले के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण स्थल पर शिला स्थापना कर जिले को एक ऐतिहासिक सौगात दी। इसके साथ ही चिकित्सा सुविधाओं के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिला स्थापना के साथ ही कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य मानचित्र में विकास का नया अध्याय जुड़ गया है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले का स्वास्थ्यगत ढांचा और अधिक मजबूत होगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मांग पर कवर्धा में समनापुर पुल से श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव रिवर फ्रंट निर्माण और रवेली में महाविद्यालय की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले में नए शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन के शिला-स्थापना कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए जिलेवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार बनने के बाद सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्षों में 10 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए और वर्तमान सरकार ने केवल दो वर्षों में 5 नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज भवन का भूमि-पूजन किया था और आज उसी की शिला-स्थापना संपन्न हुई है। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूर्ण होने से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कवर्धा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिली है। सीटी स्कैन और क्रिटिकल केयर यूनिट जैसी सुविधाओं की स्थापना से इलाज और सुगम हुआ है।





### स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा ईजाफाः विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मेडिकल कॉलेज शिला-स्थापना समारोह में कहा कि कवर्धा जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हम सभी के लिए ऐतिहासिक सौगात है, जो जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के नए आयाम खोलेगी। उन्होंनें कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को तेजी से बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिले में 4.5 करोड़ की लागत से सीटी स्कैन सेवा शुरू की गई है और अब तक 814 सीटी स्कैन किए जा चुके हैं। कवर्धा के जिला अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों से बढ़ाकर 220 बिस्तर कर दी गई है। 50 क्रिटिकल केयर बेड स्थापित किए गए हैं। पिपरिया और बोड़ला में सोनोग्राफी मशीनें लगाई गई हैं। नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण 40 एकड़ परिसर में किया जाएगा। 50 सीटर मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई प्रारंभ करने की तैयारी की जा चुकी है। मेडिकल कॉलेज तक सुगम पहुंच हेतु घोठिया मार्ग और गौरव पथ मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने संबोधितक करते हुए कहा कि कवर्धा क्षेत्र के लिए आज का दिन विशेष है। आज इस क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। जिसका लाभ समूचे जिलेवासियों को मिलेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों को दी बधाई

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कवर्धा क्षेत्र के लिए आज का दिन विशेष है। आज इस क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के समय केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जिसे बढ़ाकर 10 मेडिकल कॉलेज तक पहुँचाने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को जाता है। उसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अतिरिक्त पाँच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कवर्धा वनांचल और जनजातीय बहुल क्षेत्र है, और यहाँ मेडिकल कॉलेज का खुलना क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

### कवर्धा मेडिकल कॉलेज के लिए केन्द्र से लेकर राज्य स्तर पर किए गए प्रयासः संतोष पाण्डेय

कबीरधाम जिले के लिए स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि उन्होने 20 फरवरी 2021 को तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को पत्र लिखा। मार्च 2021 में लोकसभा में मुद्दा उठाते हुए जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की। फिर मार्च 2023 में लोकसभा में पुनः मुद्दा उठाया। केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली। इसके बाद 19 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की बजट में भवन निर्माण के लिए करीब 306 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की और आज इसकी आधार शिला रखी जा रही है जो पूरे जिलेवासियों के लिए हर्ष का विषय है।

### जिले का हो रहा सर्वांगिण विकासः डॉ.रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शिला-स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन कवर्धा के इतिहास में अभूतपूर्व और गौरवपूर्ण है। यह वह क्षण है जो स्वर्णाक्षरों में सदैव दर्ज रहेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, कवर्धा जिले के गठन से लेकर अब तक अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए, परंतु मेडिकल कॉलेज की स्थापना जैसा ऐतिहासिक दिन जीवन में एक बार ही आता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों का सम्मान सर्वोपरि है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1 हजार रूपए की राशि सीधे माताओं-बहनों के खातों में दी जा रही है, जिससे परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने दूरदर्शिता के साथ कवर्धा को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी है। जिनसे जिले की दिशा और दशा तेजी से बदली है।

# अंतरजातीय विवाह से नाखुश पिता ने की बेटे की प्रेमिका की हत्या

## गलादबाकर और कीटनाशक पिलाकर दिया अंजाम, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बांधाटोला के एक मकान के सेप्टिक टेंक में बीते गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों मिली 20 वर्षीय विवाहिता की लाश के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के बेटे ने मृतका से प्रेम विवाह किया था और उसे घर ले आया था जो उसे नगवार था। इसी के चलते उसने मौका देखकर युवति का गला दबाकर तथा उसे कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या कर दी थी और साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को अपने घर के सेप्टिक टेंक में डाल दिया था। स. लोहारा पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थी भोजराम पटेल पिता जहल राम पटेल आयु 23 वर्ष, निवासी बांधाटोला थाना सहसपुर लोहारा ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कामनी निषाद उम्र 20 वर्ष, निवासी चैतुखपरी थाना मोहारा जिला राजनांदगांव को हैदराबाद से प्रेम प्रसंग के कारण शादी करने के उद्देश्य से अपने गांव लाया था, जो 07 नवंबर 2025 को बिना बताए कहीं चली गई। प्रार्थी की सूचना पर स. लोहारा पुलिस ने 12 नवंबर 2025 को थाना सहसपुर लोहारा में गुम इंसान क्रमांक 38/25 अंकित कर पता तलाश प्रारंभ की। पता तलाश के दौरान प्रार्थी के परिजनों से पूछताछ में विरोधाभास मिलने पर मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा प्रार्थी युवक के पिता जहल पटेल से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसका बेटा कामनी निषाद से प्रेम करता था, किंतु लड़की अन्य जाति की होने के कारण वह इस संबंध को स्वीकार नहीं करता था। इसी द्वेष के कारण उसने कामनी निषाद की गला दबाकर एवं कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या करने तथा शव को अपने ही घर के सेप्टिक टेंक में छुपाने की बात स्वीकार की।

### सेप्टिक टेंक में मिला था महिला का शव

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी से मेमोरेंडम कथन लिया गया, जिसके उपरांत थाना स्टाफ, गवाहों, एफएसएल टीम सहित घटना स्थल पहुंचकर सेप्टिक टेंक को तुड़वाकर गुमशुदा कामनी निषाद का शव बरामद किया गया। शव को विधिवत मर्ग कार्यवाही में लिया गया। तत्पश्चात आरोपी की गिरफ्तारी की गई।

### कीटनाशक दवा का डिब्बा बरामद

आरोपी की निशानदेही पर कीटनाशक 505 का डिब्बा बरामद कर कब्जे में लिया गया। आरोपी जहल पटेल पिता गंधक पटेल उम्र 50 वर्ष, निवासी बांधाटोला के विरुद्ध थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 264/2025 धारा 103(1), 238(ख) भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, एफएसएल टीम, सहायक उपनिरीक्षक बलदाउ भट्ट तथा थाना सहसपुर लोहारा पुलिस टीम की तत्परता, सतर्कता, तकनीकी दक्षता एवं पेशेवर प्रतिबद्धता सराहनीय रही।

# आरोपः जिला अस्पताल कवर्धा की लापरवाही से नवजात की मौत

- न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल में किया प्रदर्शन व नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिला अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही के चलते शुक्रवार की सुबह अस्पताल में जन्मे एक नवजात शिशु की मौत हो गई। इस घटना के बाद व्यथित व दुखी परिजनो ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

वहीं न्याय तथा नवजात के समय रहते ईलाज में कोताही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की मांग को लेकर शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी के साथ जिला अस्पताल के सामने धरना देकर जमकर नारेबाजी की है। बाद में परिजनो ने इस मामले की रपट भी थाना में दर्ज कराई है। इस संबंध में परिजनो ने बताया कि ग्राम गोछिया निवासी प्रसव पीड़िता पार्वति साहू को गत 9 दिसम्बर को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय कवर्धा में भर्ती कराया गया था। जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया था। परिजनो ने बताया कि बच्ची के जन्म लेते के बाद उसे समुचित ईलाज की जरूरत थी लेकिन अस्पताल प्रशासन ने बच्ची के समुचित ईलाज में लापरवाही जिससे बच्ची को समय पर उपचार नहीं मिल पाया और शुक्रवार की सुबह बच्ची की मौत हो गई।



बताया जाता है कि बच्ची की मौत की जानकारी परिजनो को मिलने के बाद उन्होने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ जिला चिकिसालय में धरना दिया और अस्त्रूपताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में परिजनो ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर रपट भी पुलिस थाना में दर्ज कराई है। देखने वाली बात होगी की अब इस पर आगे क्या कार्यवाही की जाती है।

# चिल्फी चेकपोस्ट में पकड़ी गई अवैध धान की बड़ी खेप, ट्रक से 336 क्विंटल धान की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत चिल्फी चेक पोस्ट में गुरूवार की रात अवैध धान का परिवहन करते एक बड़ी खेप राजस्व, मंडी तथा खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ी गई।

ट्रक में भरकर लाया जा रहा 840 बोरी में लगभग 336 क्विंटल धान पकड़ा गया है। इस संबंध में तहसीलदार बोड़ला राजश्री पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा उक्त धान मध्यप्रदेश के गाडरवारा से लेकर दुर्ग के अहिरवारा लेकर जाने की जानकारी दी गई किंतु इस संबंध में किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज अथवा सक्षम अधिकारी की अनुज्ञा चालक के पास नहीं पाया गया।

ऐसे में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही कार्रवाई करते हुए धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त करते हुए वाहन सहित कृषि उपज मंडी कवर्धा की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आवश्यक विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस कार्रवाई में तहसीलदार बोड़ला के साथ मंडी सचिव कवर्धा एन के भंडारी, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक अशोक कौशिक, पटवारी विजय टोंडर शामिल थे।

### जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र में एक दिन में टीमों ने पकड़ा 452 क्विंटल अवैध धान

बोड़ला अनुविभाग के अंतर्गत धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। धान खरीदी की शुरुआत से लेकर अभी तक करीब 1900 क्विंटल से अधिक धान भंडारण और परिवहन करते पकड़ा गया है। बोड़ला तहसील में आज एक दिन में दो कार्रवाइयों में लगभग 452 क्विंटल अवैध धान पकड़ा गया है। जिसमें अवैध धान भंडारण पर दो जगहों से 166 क्विंटल धान के साथ चिल्पी चेकपोस्ट पर 336 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पकड़ा गया।

### युवा कांग्रेस के एकमुश्त गन्ना भुगतान की मांग पर लगी मुहरः वर्मा



**कवर्धा।** पांच दिन पूर्व युवा कांग्रेस द्वारा किसानों की मांग को लेकर किए गए मजबूत आंदोलन व प्रदर्शन का बड़ा परिणाम सामने आया है। उक्त जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि उन्होने किसानो के साथ मिलकर हाल ही में कलेक्टर और एमडी कारखाना प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा कर एकमुश्त गन्ना भुगतान की मांग की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने गन्ना किसानो को एकमुश्त गन्ना भुगतान का निर्णय लिया है। श्री वर्मा ने कहा कि यह युवा कांग्रेस के नेतृत्व, निरंतर संघर्ष और किसानों की आवाज को बुलंद करने का परिणाम है।

**इंदौर मध्यप्रदेश में आयोजित की जाएगी 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता**

# अशोका स्कूल के दुर्गेश और अक्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित




हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कराते बालक/बालिका 14 वर्ष प्रतियोगिता इंदौर-मध्यप्रदेश में भाग लेने शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक विद्यालय के दो मेधावी खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 15 से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि चयनित दोनों खिलाड़ी-दुर्गेश खुसरे तथा अक्ष देशलहरे ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर जिला स्तर से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन, प्राचार्य एसएल नापित लोकनाथ देवांगन एडमिन सागर नामदेव, कोच मनीष निषाद एवं शिक्षकों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण की मिसाल है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण व्यवस्था का भी प्रमाण है। अशोका विद्यालय, कवर्धा लगातार विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस भागीदारी से बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। उक्त समस्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी अशोक कुमार इनवाती द्वारा दी गई।

# पूरी पारदर्शिता के साथ की गई पुलिस भर्ती, तथ्यातमक शिकायतों पर की जाएगी कार्रवाई : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने शुक्रवार को कवर्धा पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया द्वारा पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर जवाब दिया । उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी सरकार के दौरान भर्ती परीक्षा आयोजित ही नहीं कर पाई थी, इसलिए अब परीक्षा को विवादित बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। फिजिकल टेस्ट में मिले अंक पर अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर होते हैं और लिखित परीक्षा के अंक भी उन्हें पता होते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थियों को नियमानुसार बोनस अंक भी दिए जाते है और इन सब के आधार पर अभ्यर्थी का चयन किया जाता है। गृह मंत्री ने कहा कि अगर फिर भी किसी भी उम्मीदवार को शिकायत हो तो वह संबंधित अधिकारी या मुझसे स्वयं तथ्यों के साथ शिकायत कर सकता है। अभ्यर्थियों की शिकायत के लिए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय कवर्धा में तीन दिन निर्धारित किए गए है। कोई भी अपनी बात पुलिस अधीक्षक के समक्ष रख सकता है। अगर भर्ती में कोई दोषी होगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 89860 क्विंटल धान का उठाव

# 37 हजार किसानों ने बेचा 455 करोड़ रुपए का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### एप से मिल रही सुविधा

धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 37824 पंजीकृत किसानों से 455 करोड़ 57 लाख रुपए मूल्य का 1918140 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 89860 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## सुंदरकांड महोत्सव का 2160वां पाठ 21 को

राजनंदगांव। श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां अर्थात 2160वां सुंदरकांड पाठ सनसिटी परिवार के तत्वावधान में 21 दिसंबर को सनसिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं सनसिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा, वरिष्ठ सदस्य अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, राहुल अग्रवाल, मनीष सहिता संहित कीर्ति भोजानी, कुणाल विशाल शर्मा, लालू सांखला के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां पाठ 108 भक्त जोड़ो के साथ 21 दिसंबर को सनसिटी परिवार के संयोजकत्व में आयोजित है। इस महोत्सव के आशीर्वादक एवं प्रेरणाश्रोत परमश्रद्धेय नंदू शर्मा है। श्री सुंदरकांड महोत्सव की व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा एवं प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। समिति के योगेश कोटक व दीपक अग्रवाल के अनुसार सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108वां पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 20वीं माला के 103 पाठ पूर्ण हो चुके हैं।

# सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन

- जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 47 वी सीनियर राष्ट्रीय



स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिम बंगाल के दत्तापुलिया जिले में 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरुष वर्गो की टीम भी सम्मिलित हो रही है, वहीं प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े, कलेश्वर निर्मलकर एवं महिला वर्ग में कविता सिन्हा कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो 12 दिसंबर को रायपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए।





अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़ियों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है, जो कि कबीरधाम जिले के लिए गौरव की बात है।

इसी के साथ इस वर्ष भी 47 वीं सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता हेतु अकेडमी से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें से कविता सिन्हा और भूपेंद्र गढ़े सॉफ्टबॉल खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है तो कलेश्वर निर्मलकर राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी है। वही इन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव ओपी शर्मा के नेतृत्व में किया गया है इसमें पूरे प्रदेश से 32 महिला-पुरुष खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया है जो अब वेस्ट बंगाल के दत्तापुलिया में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ की टीम को पदक लगाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के तीन खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में चयन होने के उपलक्ष्य पर नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, गजराज सिंह ठाकुर, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमेन पवन देवांगन, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर व समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं उनकी उज्ज्वल भविष्य की मनोकामनाएं प्रेषित की।

## बैगा पर्यावास व जैव-विविधता की पुनरोत्थान योजना कार्य प्रारंभ



**हरिभूमि कोलेगांव।** शुक्रवार को आदिवासी समता मंच द्वारा दो दिवसीय बैगा पर्यावास और जैव-विविधता के पुनर्जनन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंडरिया में किया गया। इस कार्यक्रम में पंडरिया ब्लाक के लगभग 75 गांव से आए हुए 236 महिला-पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रारंभ में आदिवासी समता मंच की अध्यक्षा ने लोगों के साथ मिलकर आदिवासी गीतों और नारों के साथ किया। तत्पश्चात उन्होंने आदिवासी की जीवन शैली और दूसरों द्वारा उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार पर बात रखी। इसके पश्चात पर्यावास अधिकार का महत्व, जंगल का स्वास्थ, प्रबंधन, योजना बनाकर, जंगल बचाने, पेड़ लगाने, श्रमदान द्वारा काम करने पर बात रखी। उन्होंने कहा कि जंगल बचेगा तभी जीव-जंतु, जानवर भी बचेंगे साथ ही साथ उन्होंने वन प्रबंधन करने की योजना भी बताई। इसके पश्चात सभी लोगों को 12 समूहों में बांटकर पर्यावास की पुनरोत्थान योजना पर समूह चर्चा की गई। जिसमें पर्यावास को पुर्नजीवित करने में आपकी क्या भूमिका होगी, आपकी संस्कृति में ऐसी कौन-कौन सी बातें हैं जिसके कारण पुर्नजीवन की प्रकिया निरंतर चलती रहती है, बैगा अपने पर्यावास की सुरक्षा कैसे करेंगे, पर्यावास की स्थिति सुधारने के लिए शासन के विभिन्न विभागों से क्या मदद या सहयोग चाहिए, शासन और शहर में रहने वाले लोगों का नजरिया जंगल में रहने वालों के प्रति कैसा है, परम्परागत जीवन पद्धति को बनाए रखने के लिए किस प्रकार के अधिकार चाहिए, आदिवासियों की परम्परा और संस्कृति को जीवित रखने में कौन कौन सी बाधाएं आती है और किससे, प्रकृति, पेड़-पौधे, जीव-जंतु के साथ आप कैसे बातचीत करते हैं और आपका क्या रिश्ता है, जंगल आपको कैसे खुश रखता है व क्या जंगल में कुछ भी करने से पहले वनविभाग, कंपनियां इत्यादि आपसे अनुमति सहमति या राय लेते है तथा जैवविविधता-पर्यावास बचाने में आपके पारम्परिक ज्ञान को सरकार कितना महत्व देती है एवं पर्यावास को सुरक्षित रखने के लिए किस प्रकार की व्यवस्था लोगों द्वारा हो नी चाहिए ग्रामसभा, पंचायत, ब्लाक, जिला स्तर पर साथ ही साथ समूह चर्चा के उपरांत प्रस्तुतीकरण में महत्वपूर्ण बातें निकलकर आई। जिसमें सुखीराम बैगा तिनगड्डा, पनकीन बाई जामुन टोला ने कहा कि जंगल हमारे माता पिता हैं। गौठूराम बैगा हेबिटाट अधिकार समिति के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे लिए एक पेड़ सौ पुत्रों के बराबर होता है, उन्होने कहा कि हमको संगठित होकर पर्यावास की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। रामबाई मराडबरा, रमली झुमर ने बताया कि कैसे हम चिड़िया की आवाज से जान जाते हैं कि बरसात होगी, सूखा पड़ेगा, अधिक पानी गिरेगा, बिसाहु राम, दसमीबाई सरहापथरा ने कहा कि जंगल हमें सब कुछ देता है, इसलिए हम खुश हैं। शोभाराम आगरपानी, रामकुमार तेलियापानी ने कहा कि पर्यावास अधिकार के साथ हमें प्रबंधन का अधिकार भी मिलना चाहिए। इसी तरह शिकारी राम भंगीटोला, बानिहारिन बाई अजवाईनबाह, तितरो बांगर, शिवकुमार कमराखोल, लमनू पंचगईया जामुन टोला, लमना चिताडबरी, सेमलाल चतरी ने भी अपनी बातें कहीं। इसके बाद सबने पर्यावास अधिकार लेकर रहेंगे का प्रण लिया, इस दौरान बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### खबर संक्षेप

#### आरक्षक भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ पुलिस जीडी आरक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी हुआ, जिस पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गंगाबाई लोकचंद्र साहू ने अपने क्षेत्र के चयनित आरक्षक सीजी पुलिस भर्ती में चयनित होने पर अभ्यर्थी को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान देवराम साहू, देवकुमार पटेल, गयाराम साहू, सूर्यप्रकाश पटेल, दिलाराम साहू, फुलेश्वर साहू, चंपा पटेल, प्रहलाद पटेल सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

#### केसीजी जिला साहू संघ के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने टीलेश्वर

खैरागढ़। पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू जिला साहू संघ के पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने। प्रदेश साहू संघ द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक रमेश साहू, हरि द्वारिका साहू, मुख्य चुनाव अधिकारी परदेशी राम साहू, सहायक चुनाव अधिकारी हिरेंद्र कुमार साहू, सेवक राम साहू, भागवत साहू, किशोरी लाल साहू, रोशन लाल साहू, चरण साहू के मार्गदर्शन में जिला साहू संघ का प्रथम चुनाव हुआ। इस अवसर पर जिला साहू संघ संरक्षक बिसेसर साहू, भुनेश्वर साहू, मिनेश साहू, प्रीतलाल साहू, जैनेंद्र साहू, हरि साहू, लखनलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, परमानंद साहू, यदुकुमार साहू, घम्मन साहू, श्याम सुंदर साहू, शत्रुघ्न साहू, गोवर्धन साहू, महेन्द्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

# समस्या: सिटी बस सेवा बंद होने से विद्यार्थी परेशान

## विद्यार्थियों और आम नागरिकों को हो रही समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी बस सेवा बंद होने से शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बस सेवा विद्यार्थियों और आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए शहर के चौक-चौराहों और शिक्षण संस्थानों से लेकर बस स्टैंड तक शुरू की गई थी, जो केवल मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के शासनकाल में चला और अंतराल में फिर से बंद हो गई। उसके बाद अब तक इस सेवा को दोबारा बहाल करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। अब फिर से भाजपा की सरकार आ गई है, जिसे डबल इंजन की सरकार कहते है इसके बाद भी सिटी बस शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों पर संचालित नहीं हो रहा है, क्योंकि सड़क हादसा दुर्घटना प्रतिदिन हो रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों को 3 से 4 किलोमीटर का सफर या तो पैदल तय करना पड़ता है या फिर उन्हें ऑटो में किराया देकर बस स्टैंड से संस्थानों तक पहुंचना पड़ता या फिर जल्दबाजी से मोटर सायकिल में छात्र-छात्राओं को ले जाना पड़ता है, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जिस पर ग्रामीणों ने अब वर्तमान में सिटी बस को तत्काल लागू करने की अपील की गई ताकि आम नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके।

### सिटी बस नहीं चलने से स्कूली छात्र छात्राओं को भारी परेशानी

बताया जाता है कि सिटी बस नहीं चलने से स्कूली विद्यार्थियों को भारी दिक्कते उठाना पड़ रहा है। स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सही स्कूल समय में नहीं पहुंच पाते हैं, ग्रामीण छात्र-छात्राएं बिलासपुर नेशनल मार्ग और रवेली मार्ग पर सिटी बस चालू करने की अपील की गई, ताकि स्कूल सही समय पर पहुंच सके। बताया जाता है कि सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं सड़क किनारे चौक-चौराहे पर निजी बस का इंतजार करते रहते हैं कभी बस में अधिक सवारी होने पर ड्राइवर बस को नहीं रोकता, वहीं निराश होकर छात्र-छात्राएं फिर घर वापस चले जाते हैं यदि सिटी बस चालू कर दिया जाए तो विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में राहत मिल सकता है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी रोजाना चालू हो, लीकेज पाइप लाइन मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली-मालगी में जल जीवन मिशन के तहत 88 लाख रुपए की लागत से निर्मित विशाल पानी टंकी बनाई गई है, ताकि गांव को शुद्ध पेयजल की नियमित रूप से आपूर्ति मिल सके, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी सप्ताह में केवल एक-दो दिन ही चालू की जाती है, जिसके कारण अधिकांश ग्रामीण जनो को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिछाई गई पाइप लाइन कई स्थानों पर लीकेज है, जिससे लगातार पानी बहकर बाहर निकल रहा है और शुद्ध जल की भारी बर्बादी हो रही है।

जिस पर ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान लापरवाही के कारण ये समस्याएं उत्पन्न हुई है, जिनकी सुधार तथा मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। जिस पर ग्रामीणों ने प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा पेयजल समस्या को गंभीर लेते हुए ग्रामीणों ने मांग की है कि पानी टंकी को रोजाना निर्धारित समय पर सुबह-शाम चालू किया जाए, जहां-जहां पाइप लाइन लीकेज है वहां ठेकेदार द्वारा तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य किया जाए। जिससे घरों घर लगाए गए नल कनेक्शन में शुद्ध पेयजल की सप्लाई नियमित और निर्बाध रूप से उपलब्ध हो।



# अन्नपूर्णा मुहिम, लगातार कर रही सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से जारी अन्नपूर्णा मुहिम जरूरतमंद परिवारों के लिए संजीवनी बन रही है। ब्लाक के अवेली निवासी लकवा से पीड़ित रिखीराम पटेल का पूरा परिवार गुजर बसर करने मे असमर्थ है उनके यहॉ संत के अनुयायी बीते 25 सितम्बर को पहली बार और अब 21 अक्टूबर को दीप पर्व से पहले दूसरी बार पूरी राशन सामग्री देने पहुॅचे और तीसरी बार 11 दिसंबर को जब पहुॅचे तो पटेल परिवार ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे दूसरी और तीसरी बार कोई सहयोग करने अगो आएगा क्योंकि ज्यादातर संगठन एक बार मदद कर आगे बढ़ जाते हैं लेकिन संत रामपाल ने दिखाया कि जिस परिवार को वे अपनाते हैं उसे जीवनभर नहीं छोड़ते। रिखीराम पटेल ने भावुक होकर कहा कि आज की दुनिया में कोई किसी का नहीं होता लेकिन संत ने हमें अपना लिया है। सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सेन और ग्रामीणों ने कहा कि संत बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा कर रहे हैं और यह मुहिम पूरे देश में चलनी चाहिए।




### निधन

#### सुरूज बाई चंद्रवंशी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी श्रीमती सुरुज बाई चंद्रवंशी का आकस्मिक निधन गुरूवार को हो गया, वहीं स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी का अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे गृह ग्राम कंझेटा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण जन भारी संख्या में पहुंचकर स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. सुरूज बाई चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी का दादी थी, उनके निधन से चंद्रवंशी परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

## राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफार्म्स से परिचिय कराने सेमिनार का आयोजन

# कॉलेज में ज्ञान और सृजनात्मकता का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई में पिछले दो दिनों में शैक्षणिक और सृजनात्मक गतिविधियों का माहौल रहा। महाविद्यालय में जहां छात्रों को राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से परिचित कराने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया, वहीं भारतीय डाक विभाग के सहयोग से ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता भी सफलक संपन्न हुई।

11 दिसंबर को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया क्लब ओरिएंटेशन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म सेमिनार का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों से परिचित कराना और कॉलेज में ई-लर्निंग संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उपयोग, सुविधाओं और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रमुख राष्ट्रीय ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के बारे में भी बताया गया। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की महत्ता को समझते हुए इस दौरान 28 छात्रों ने क्लब में पंजीकरण कराया। यह आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, संचालन हेमंत मिश्रा, टीएल वर्मा, दीपांशु यादव ने किया।

### ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता

इसी क्रम में, आज शासकीय महाविद्यालय गंडई में भारतीय डाक विभाग, गंडई शाखा के सहयोग से ढाई अक्षर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्धारित विषय मेरे जीवन का आदर्श था। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पत्र लेखन विद्यार्थियों में भाषा, संवेदना और सृजनात्मकता का विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने आदर्शों को समर्पित प्रभावशाली पत्र प्रस्तुत किए। इस आयोजन में प्राध्यापक पल्लवी गुप्ता, शिल्पी देवांगन, डॉ. गौरव जैन, आकाश देवांगन एवं दीपांशु यादव का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। भारतीय डाक विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती ममता साहू ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं, वित्तीय सुविधाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी। दोनों ही आयोजनों ने महाविद्यालय में छात्रों की डिजिटल जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के कौशल को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

### न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र.ई. पंजी. /202512082200015
अ-6/ वर्ष 2025-26

आवेदिका लीला कंवर पति प्रभू सिंह राजपुरोहित साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-16बी भू-खण्ड क्र. 54 क्षेत्रफल 59.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में प्रफुल्ल कुमार पिता प्रेमचंद जैन साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। मूल धारक द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07.11.2025 निष्पादित किये जाने से अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 12/01/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है।

नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12/12/25 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 12.12.2025
पेशी तिथि - 12.01.2026

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

### चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

सिविल प्रकरण क्रमांक 42 अ/2019
पेशी तारीख - 19/12/2025
प्रोसेस नंबर-370/2025

कृष्णलाल पटेल वगैरह---------------आवेदक गण
विरूद्ध
भूपसिंह वगैरह-------------------- अनावेदक गण

बनामः - 01. रिखीराम आ० पंचम लोधी ग्राम पिरचाटोला तहसील व थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम छ०ग०

02. रजऊ आ० भगनू साहू ग्राम कोयलारी, थाना व तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ०ग०

03. रामभजन साहू आ० भगनू साहू कोयलारी, थाना व तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ०ग०

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 15.12.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा । आज तारीख 01 माह 12 सन 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

टीप-यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

मुहर

कु. रूचिता अग्रवाल
चतुर्थ व्यवहार वरिष्ठ श्रेणी
जिला कबीरधाम (छ.ग.)